बदलाव राशन डीलर को पाइंट ऑफ सेलिंग (पोस) मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में बताया

राशन रजिस्टर की जगह पोस मशीन पर होगी इंट्री

भास्कर न्यूज़|भवानीमंडी

भवानीमंडी क्षेत्र में राशन वितरण के लिए जो काम अब तक रजिस्टर में इंट्री करके होता था, वह अब पाइंट ऑफ सेलिंग (पोस)मशीन से होने लगेगा।

एसडीएम कार्यालय में भवानीमंडी क्षेत्र के राशन डीलर की मीटिंग लेकर उन्हें पाइंट ऑफ सेलिंग (पोस) मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया। इसमें फीड किए गए डाटा सीधे सरकार के सर्वर पर पहुंचेंगे। मशीन के आधार पर राशन वितरण शुरू होने के बाद राशन के केरोसिन आदि में ब्लेक के अवसर कम हो जाएंगे। जीएल 11 विजन टेक कंपनी से निर्मित इस पोश मशीन का प्रदर्शन करने आए इस कंपनी के प्रतिनिधि महेश कुमार ने बताया कि इस मशीन में आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, राशनकार्ड के डाटा है। उपभोक्ता के पास अगर राशन कार्ड है तो भी वह राशन प्राप्त कर सकेगा। उसके नाम बताते ही उसके परिवार का ब्यौरा इसमें आ जाएगा। मशीन में मोबाइल सिम लगी हुई है। इसके साथ ही एक एंटीना भी है। जिससे इस मशीन में इंट्री टाइप करते ही उसके डाटा सीधे सर्वर से होकर राज्य सरकार के जयपुर मुख्यालय को पहुंच जाएंगे।

भवानीमंडी। पोस मशीन के आधार पर ही अब राशन वितरण होगा।

उपभोक्ता के पास आधार कार्ड होने पर उससे इसी पोश मशीन में स्थित स्केनर पर अंगूठा भी लगाया जाएगा। जिससे सही उपभोक्ता की पहचान हो जाएगी। मोटे तौर पर यह सवारी बसों के कंडक्टर के पास होने वाली मशीन की तरह भी है। इसके आधार पर राशन लेने पर यह बिल भी प्रदान करेगी।

इस अवसर पर डीएसओ के अलावा तहसीलदार राजेंद्र कुमार शर्मा एवं राशन डीलर मौजूद थे। राशन डीलर संघ के स्थानीय अध्यक्ष किशोरीलाल ने बताया कि उनके संगठन का निर्णय है कि जब तक सरकार उनकी 11 सूत्रीय मांगें नहीं मान लेती है, तब तक वे यह पोश मशीन नहीं लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि नए राशनकार्ड बना दिए गए, लेकिन उसका केरोसिन पुराने राशनकार्ड के आधार पर ही दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए राशन कार्ड के आधार केरोसिन दिया जाए।